आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 16.02.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा—भारत न केवल वैश्विक भविष्य को लेकर चर्चाओं के केंद्र में है, बल्कि इस चर्चा का नेतृत्व भी कर रहा है।

2. अंडमान निकोबार प्रशासन ने द्वीपों में भविष्य की विकासीय परियोजनाओं के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

3. कार—निकोबार में छब्बीसवीं वाइस प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया कप सॉकर चैंपियनशिप का आयोजन।

4. पोर्ट ब्लेयर सर्किट कोर्ट की बैठक कल से आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत न केवल वैश्विक भविष्य को लेकर चर्चाओं के केंद्र में है, बल्कि इस चर्चा का नेतृत्व भी कर रहा है। दिल्ली में एक मीडिया हाउस द्वारा कल आयोजित शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए, श्री मोदी ने कहा कि भारत को वैश्विक स्तर पर वह स्थान प्राप्त है, जो पहले कभी नहीं मिला था। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत— दो हजार चौदह से ही तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि आज वैश्विक मंचों पर भारत का आत्मविश्वास पहले से कहीं अधिक मजबूत है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन ने द्वीपों के उप—राज्यपाल और द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी के जोशी, और दिल्ली के उप—राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की उपस्थिति में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। द्वीपसमूह में भविष्य की विकासीय परियोजनाओं के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और शहरी नियोजन तथा वास्तुकला उत्कृष्टता के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया, जिससे 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण को साकार करने में सहायता मिलेगी। उप—राज्यपाल ने दिल्ली विकास प्राधिकरण को सलाहकार और ज्ञान भागीदार के रूप में शामिल करने में उनकी त्वरित कार्रवाई के लिए दिल्ली के उप—राज्यपाल का आभार व्यक्त किया, जिसमें डी डी ए ने पहले ही स्वराज द्वीप जेट्टी परियोजना के पुनर्विकास के लिए एक डी पी आर तैयार कर लिया है। एडमिरल डी के जोशी ने भी उपस्थित लोगों को द्वीप विकास एजेंसी के तत्वावधान में किए जा रहे पर्यटन, आतिथ्य और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><><>

वैट आयुक्तालय, द्वीपों में मूल्य वर्धित कर विनियमन, 2017 के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। लोगों में कर चोरी से निपटने और वैट विनियमन के साथ सख्त अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए, मूल्य वर्धित कर आकलन किए गए हैं। 2017–18 से 2020–21 की अवधि के आकलन के दौरान, कई कर कमियों और उल्लंघनों की पहचान की गई, जिसके कारण ब्याज और जुर्माना लगाया गया। अब तक, विभाग ने छप्पन लाख तिरासी हजार एक सौ छह रुपये की अतिरिक्त आय एकत्र की है, जिसमें ब्याज के रूप में सोलह लाख पचासी हजार एक सौ सतहत्तर रुपये और जुर्माने के रूप में उनतालिस लाख सत्तानबे हजार नौ सौ उनतीस रुपये शामिल हैं। वैट आयुक्तालय सरकारी खजाने की सुरक्षा के लिए दृढ़ है और विनियमन, नियमों या निर्देशों के किसी भी उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं करेगा। पंजीकृत डीलरों से एक बार फिर आग्रह किया गया है कि वे दंड से बचने के लिए द्वीप समूह मूल्य वर्धित कर विनियमन, 2017, नियम 2020 और सभी संबंधित निर्देशों के प्रावधानों का पूरी तरह से पालन करें।

<><><><><><><>

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रूडकी और डॉ. बी आर इस्टीटूड ऑफ टैक्नोलॉजी, श्री विजयपुरम के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय वर्चुअल लैब कार्यशाला का सफल समापन हुआ। इस कार्यशाला का उद्देश्य वर्चुअल लैब के विकास और कार्यान्वयन पर ध्यान केन्द्रित करना था। इस दौरान आई आई टी के विशेषज्ञों ने लैब के लाभ और उनकी कार्य प्रणाली पर विस्तृत जानकारी दी। समापन सत्र में डीब्रेट के प्राचार्य डॉ. उत्पल शर्मा ने छात्रों को चुनौतीपूर्ण विषयों के लिए वर्चुअल लैब परियोजनाओं को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस सत्र में जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के एक सौ पैंतीस छात्र और संकाय सदस्य शामिल हुए।

<><><><><><><>

छब्बीसवीं वाइस प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया कप सॉकर चैंपियनशिप 2024–25 इस समय कार–निकोबार के तमालू स्थित बी जे आर स्टेडियम में चल रही है। कल दर्शकों ने रोमांचक मुकाबले देखे। पहले क्वार्टर फाइनल मैच में कार–निकोबार के स्टेशन हाउस ऑफिसर डी. जगदीश्वर राव मुख्य अतिथि थे। इस मैच में लिटिल अंडमान को दो–एक से हराकर नानकौड़ी विजयी हुई। दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच के मुख्य अतिथि जनजातीय परिषद के सचिव मार्टिन लूथर थे। इस रोमांचक मुकाबले में श्री विजयपुरम का मुकाबला कछाल से हुआ, जिसमें श्री विजयपुरम ने छह–दो से शानदार जीत हासिल की।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में मत्स्य विभाग की ओर से डीब्रेट के सभागार में मछली संरक्षण और मूल्य संर्वधन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का कल समापन हो गया। समापन सत्र के दौरान मुख्य अतिथि मत्स्य सचिव ज्योति कुमारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में द्वीपवासियों की भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त की और उपस्थित लोगों को बताया कि मत्स्य विभाग की यह पहल समुद्री संसाधन उपयोग, समुद्री खाद्य प्रसंस्करण और इसके विपणन के क्षेत्र में अंडमान और निकोबार प्रशासन की समग्र विकासात्मक पहल में शामिल होगी। मत्स्य निदेशक जगताप कल्याणी राजेंद्र ने प्रतिभागियों को स्वतंत्र व्यवसायी बनने और प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त करके मोबाइल सी फूड वैन, सी फूड कियोस्क और मूल्य वर्धित इकाई बनाने के लिए प्रेरित किया। मत्स्य विभाग इन गतिविधियों को शुरू करने के लिए महिला आवेदकों के लिए साठ प्रतिशत और सामान्य वर्ग के लिए चालीस प्रतिशत सब्सिडी सहायता प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर सचिव (मत्स्य) द्वारा प्रशिक्षुओं को भागीदारी का प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर सर्किट कोर्ट की बैठक कल से तीन मार्च तक आयोजित की जाएगी। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अनिरूद्ध रॉय और न्यायमूर्ति बिभास रंजन डे मामलों की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><><>

उद्योग निदेशालय ने एक प्रतियोगिता की घोषणा की, जिसमें प्रतिभागियों को विभाग के तत्वावधन में अपनी रचनात्मकता दिखाने का अवसर मिलेगा। निदेशालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रतियोगिता श्रेणियों, प्रतिभागियों, नियमों आदि का विवरण उद्योग विभाग के वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया हैं आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि अट्ठारह फरवरी है।

<><><><><><><>

महाराष्ट्र मण्डल में कल स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। अण्डमान महिला मण्डल और नेहरू युवा केन्द्र के सहयोग से आयोजित इस शिविर में पैंतीस रक्तदाताओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि इसरों के वरिष्ठ वैज्ञानिक देवदास पाइक मौजूद रहे। उन्होंने रक्तदान के महत्व पर ज़ोर दिया और युवाओं से इसमें बढ़—चढ़ कर भाग लेने की अपील की। कार्यक्रम का समन्वय अण्डमान महिला मण्डल के सचिव सुनीता पाटिल द्वारा किया गया।

<><><><><><><>

स्वच्छ भारत अभियान के तहत साफ–सफाई और स्वच्छता का ज़ायज़ा लेने के लिए पद्मश्री और द्वीपों के स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसेडर नरेश चन्द्र लाल ने कल माध्यमिक स्कूल डिगनाबाद का दौरा किया तथा छात्रों और शिक्षकों से बातचीत की। उन्होंने छात्रों से अपने स्कूल परिसर के साथ–साथ अपने घरों के आस–पास भी सफाई बनाए रखने का अनुरोध किया। उन्होंने छात्रों को खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों को उनकी आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उनके के साथ स्कूल की प्रधानाध्यापिका के.एस. बिंदु भी उपस्थित थीं।

<><><><><><><>

श्री महादेव मन्दिर समिति, बर्मानाला द्वारा वार्षिक महाशिव रात्रि उत्सव का आयोजन किया जाएगा। कल से सत्ताईस फरवरी तक चलने वाली इस उत्सव में श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन दो बार अन्नदानम व प्रसाद की व्यवस्था की जाएगी। महाशिव रात्रि की मुख्य पूजा छब्बीस फरवरी को संपन्न होगी।

<><><><><><><>